Name.....

www.creativeworksheetshub.com

शूर्पणखा

शूर्पणखा रावण की बहन थी, और ऐसा माना जाता है कि राम और रावण के बीच युद्ध का कारण शूर्पणखा ही थी।

शूर्पणखा कैसे युद्ध के पीछे का कारण थी, इसकी कहानी कुछ इस तरह हैं।

बात उस समय की है। जब भगवान राम अपनी पत्नी माता सीता और छोटे भाई लक्ष्मण के साथ वनवास काट रहे थे। शूर्पणखा घूमते हुए वहां पहुंची और उसने राम को देखा। राम को देखते ही वह मोहित हो गई और उसने भगवान राम के सामने विवाह का प्रस्ताव रखा, लेकिन उन्होंने उसके प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहा कि मैं पहले से ही शादीशुदा हूँ और यह मेरी पत्नी सीता है ।

राम के मना करने पर वह लक्ष्मण के पास गई । लक्ष्मण ने भी उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

अब शूर्पणखा बहुत क्रोधित हो गई और उसने अपने अपमान का बदला लेने के लिए माता सीता को नुकसान पहुंचाने का फैसला किया। जैसे ही शूर्पणखा ने सीता पर हमला किया वैसे ही लक्ष्मण ने माता सीता को बचाते हुए ,शूर्पणखा की नाक काट दी। अपमानित और निराश होकर वह अपने भाई रावण के पास गई, जिसने राम और लक्ष्मण से बदला लेने के लिए सीता का अपहरण कर लिया।